
अध्याय
**3**

# हिन्दी वर्णमाला, विराम चिह्न

हिन्दी वर्णमाला, विराम चिह्न नामक अध्याय के अंतर्गत हिन्दी वर्णमाला से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को समझाने का प्रयास किया गया है तथा हिन्दी लेखन कार्य में प्रयोग होने वाले विराम चिह्नों को भी स्पष्ट किया गया है।

## 3.1 हिन्दी वर्णमाला

हिन्दी भाषा की लिपि देवनागरी है। हिन्दी भाषा में कुल 57 वर्ण हैं।




**ऊपर दिये गए ये तैंतीस (33) व्यंजन हिन्दी में मूल रूप से स्वीकृत हैं।**

- इनके अतिरिक्त विकास प्रक्रिया में आठ अन्य व्यंजन भी हिन्दी में स्वीकृत हुए हैं-
  - मराठी से (1) – ळ
  - अपभ्रंश से (2) – ड़ ढ़
  - फारसी से (5) – क़, ख़, ग़, ज़, फ़ (नुक्ते के साथ)
- इन सभी इकतालीस (41) व्यंजनों के अतिरिक्त हिन्दी में चार संयुक्त व्यंजन स्वीकृत हैं- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र।
- **इस प्रकार हिन्दी भाषा में कुल 45 व्यंजन स्वीकार किये गए हैं।**